भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

सं. 255/यूनिफार्म/2016/प्रोटोकॉल   दिनांकः 08.12.2016

निविदा सूचना

सिलाई सहित सर्दी के 19 सूटों और शर्टों (रेमण्ड के कपड़े) के सेटों की सिलाई एवं आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित टेलर्स एण्ड ड्रेपर्स जो ईसीआई मुख्यालय, अशोक रोड, नई दिल्ली से 10 किलोमीटर की त्रिज्या पर स्थित हों, से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

2. निविदा दो बोली प्रणाली, अर्थात तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली के अंतर्गत आमंत्रित की गई है। इच्छुक एजेंसियों को सलाह दी जाती है कि वे दो पृथक सीलबंद लिफाफे प्रस्तुत करें जिनके ऊपर " भारत निर्वाचन आयोग को सर्दी के सूटों एवं शर्टों की आपूर्ति के लिए तकनीकी बोली " तथा "भारत निर्वाचन आयोग को सर्दी के सूटों एवं शर्टों की आपूर्ति के लिए वित्तीय बोली" लिखा जाना चाहिए। दोनों सीलबंद लिफाफों को एक तीसरे लिफाफे में रखा जाना चाहिए जिसके ऊपर "भारत निर्वाचन आयोग को सर्दी के सूटों एवं शर्टों " की आपूर्ति के लिए निविदा बोली" लिखा जाना चाहिए।

3. आयोग में निविदा दिनांक 14.12.2016 को अपराह्न 11.00 बजे तक सचिव(प्रोटोकॉल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 , को पहुंच जानी चाहिए। निविदा उसी दिन अर्थात 14.12.2016 को 11.30 बजे कमरा सं. 705, 7वां तल, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली में खोली जाएगी। विक्रेता या उनके प्रतिनिधि, यदि उनकी इच्छा हो तो उपस्थित हो सकते हैं। मुहरबंद निविदा को निर्वाचन सदन भवन के भूतल पर स्थित आर एण्ड आई अनुभाग में भी जमा करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग डाक द्वारा गुम होने/विलम्ब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। भारत निर्वाचन आयोग को, कोई भी कारण बताए बिना किसी या सभी निविदाओं को, अंशतः या

पूर्णतः स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार होगा। सफल बोलीदाता सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा। राशि का भुगतान सभी सूटों के संतोषजनक रूप से डिलीवरी किए जाने के बाद ही किया जाएगा।

4. केवल उन निविदाओं की वित्तीय बोली खोली जाएगी जिनकी तकनीकी बोलियां सही पाई जाएंगी। वित्तीय बोलियों के लिए तारीख की सूचना पृथक रूप से दी जाएगी। आयोग द्वारा इस प्रयोजनार्थ नियुक्त समिति उन निविदाकारों, जो वित्तीय बोलियों के खोले जाने के समय उपस्थित रहना चाहते हैं, की उपस्थिति में इन्हें खोलेंगी।

(राहुल शर्मा)
सचिव(प्रोटोकॉल)
दूरभाष.011-23052070
ईमेलः rahulsharma.eci@gmail.com

<u>विक्रेताओं के लिए नियम और शर्तें</u>

() विक्रेताओं के पास टेलरिंग शॉप/टेलरिंग फर्म/ऑफिस होना चाहिए जो ईसीआई मुख्यालय से 10 किलोमीटर की त्रिज्या पर स्थित हो।

() विक्रेता के पास भारत सरकार के विभागों/मंत्रालयों, पीएसयू/कॉरपोरेट/अन्य प्रतिष्ठित संगठनों/संस्थानों को थोक में सरकारी वर्दियों की टेलरिंग/सिलाई का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए(अंतिम पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष प्राप्त कार्य आदेशों की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए)।

() विद्यमान मानदण्डों के अनुसार पंजीकरण प्रमाण पत्र(विधिक स्थिति अंकित करते हुए-कम्पनी/साझेदारी फर्म/स्वामित्व संबंधी इत्यादि)

() पैन कार्ड/वैट/बिक्री कर/सेवा कर पंजीकरण तथा प्रमाण पत्र की प्रति;

() पिछले तीन वित्तीय वर्ष के लिए दाखिल की गई आयकर विवरणियों की प्रतियां

() विगत पांच वर्ष के दौरान प्रत्येक वर्ष के लिए रू. 10 लाख या इससे अधिक के वार्षिक टर्नओवर होने का प्रमाण (पी एण्ड एल अकाउन्ट, अपेक्षित टर्नओवर राश को दर्शाते हुए कोई अन्य वैध विधिक दस्तावेज)

() सरकारी विभागों/ पी एस यू/कॉरपोरेट/अन्य प्रतिष्ठित संगठनों/ संस्थानों में टेलरिंग/सिलाई में अनुभव का प्रमाण(विगत पांच वर्ष में प्रत्येक के दौरान प्राप्त कार्य आदेशों की प्रतियां)

() विक्रेता को भारत सरकार के मंत्रालयों/ पी एस यू द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया हो (घोषणा पत्र विहित फार्मेट में प्रस्तुत किया जाए)

<u>तकनीकी बोली</u>

1. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का नामः
2. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का पताः
3. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का सम्पर्क विवरणः
   - () एसटीडी सहित दूरभाष सं. (कार्या.)...........................(फैक्स)...................
     (नि.)....................
   - () मोबाइल नंबर..................................
   - () ई.मेल..
   - () वेबसाइट...............................
4. फर्म/एजेंसी के मालिक/साझेदारों/निदेशकों के नामः
5. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का बैंक तथा इसका पता एवं वर्तमान खाता संख्याः
6. विधिक स्थिति जैसे कम्पनी, साझेदारी/स्वामित्व संबंधी आदि दर्शाते हुए बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का पंजीकरण तथा इनकारपोरेशन विवरण(कृपया संबंधित दस्तावेजों/प्रमाण.पत्रों की प्रतियां संलग्न करें)
7. बोलीदाता/टेलरिंग फर्म के परमानेन्ट अकाउन्ट नंबर(पैन)/वैट/बिक्री कर/सेवा कर पंजीकरण सं./इनकम टैक्स सर्किल/टिन की प्रतियां
8. तीन वर्ष का वार्षिक टर्नओवर

(विगत तीन वर्ष का खाता विवरणियां, यदि कोई हो, जैसे-पी एंड एल खाता, बैलेन्स शीट्स आदि संलग्न किया जाना चाहिए)

9. मंत्रालयों/पीएसयू/सरकारी विभागों/कारपोरेट संस्थानों आदि में थोक में सरकारी वर्दियों/सूटों की सिलाई टेलरिंग कार्य के अनुभव का वचनबंध प्रमाण(आदेश मंत्रालयों/सरकारी विभागों/पीएसयू/कारपोरेट/प्रतिष्ठित संगठनों/संस्थानों से प्राप्त विगत तीन वर्ष की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए)
10. अनुबंध-I में दिए अनुसार सरकारी विभागों/पीएसयू आदि द्वारा ब्लैकलिस्ट किए जाने या अन्यथा के संबंध में घोषणा पत्र
11. किसी संगठन से प्राप्त पुरस्कार/योग्यता प्रमाण पत्र, यदि कोई हो, का विवरण(कृपया प्रमाण पत्रों की प्रति, यदि कोई हो, की प्रति संलग्न करें)।
12. कोई अन्य सूचना/दस्तावेजः कृपया उल्लेख करें

मैं/हम प्रमाणित करता/करते हैं कि उपर्युक्त सूचना सत्य एवं सही है। हमें नियम एवं शर्तें स्वीकार्य हैं।

दिनांक.....................बोलीदाता/टेलरिंग फर्म......................... का नाम तथा पता

बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का प्राधिकृत
हस्ताक्षर तथा मुहर

घोषणा पत्र

मैं/हम यह वचन देता/देते हैं कि फर्म का कोई भी मालिक/साझीदार/निदेशक ऐसी किसी फर्म मालिक या साझीदार या निदेशक नहीं था या है, जिसे सरकार ने ब्लैकलिस्ट/प्रतिबंधित/व्यवसाय करने से निलंबित किया हो।

(बोलीदाता का हस्ताक्षर)

बोलीदाता/टेलरिंग फर्म का पदनाम तथा मुहर